दिनांकः 04.10.2023 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- जयपुर में आज से ″सुशासन″ पर क्षेत्रीय सम्मेलन–मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह करेंगे शुभारंभ।
- भाजपा, विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी करने के वास्ते जनता से सुझाव लेगी–आज जयपुर में आउटरीच कार्यक्रम की होगी शुरूआत।
- प्रदेश में अलग–अलग हादसों में आठ लोगों की मौत।
- देशभर में करीब आठ करोड़ 75 लाख लोगों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में हिस्सा लिया।

.................

जयपुर में आज से ″सुशासन″ पर क्षेत्रीय सम्मेलन शुरू होगा। दो दिन के सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह करेंगे। इस सम्मेलन में राजस्थान से 2022 के प्रधानमंत्री पुरस्कार विजेताओं और राष्ट्रीय ई शासन पुरस्कार विजेताओं की सात श्रेणियों में 13 पुरस्कार विजेता शामिल होंगे। सम्मेलन में राजस्थान में शासन की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का प्रस्तुतिकरण होगा। इस दौरान पुरस्कार विजेता अपने अनुभव भी साझा करेंगे। सम्मेलन में एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की जाएगी। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक प्रशासन में नवाचारों, जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए भविष्य के सार्वजनिक समाधान में बदलाव, सुशासन, ई–गवर्नेंस और डिजिटल गवर्नेंस में अनुभव साझा करने के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर के सार्वजनिक प्रशासन संगठनों को एक ही मंच पर लाना है।

.................

भारतीय जनता पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी करने के लिए जनता से सुझाव लेगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज जयपुर में ''आपणो राजस्थान, सुझाव आपका, संकल्प हमारा'' नाम से एक आऊटरीच कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। इस दौरान श्री नड्डा प्रदेश के अलग–अलग जगहों के लिए 51 रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। संकल्प पत्र समिति के अध्यक्ष और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कल भाजपा के प्रदेश कार्यालय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित राजस्थान बनाने के संकल्प में पार्टी सभी वर्गों के सुझाव लेगी और संकल्प पत्र में शामिल करेगी।

श्री मेघवाल ने बताया कि इन रथों में आकांक्षा पेटी भी रखी जाएगी, जिसमें लोग अपने लिखित सुझाव दे सकते हैं। जिला मुख्यालयों और तहसील स्तर पर जाकर आमजन से संकल्प पत्र के संबंध में सुझाव लिए जाएंगे। यह कार्यक्रम 20 दिन का होगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस दौरान श्री नड्डा टोल फ्री नंबर और वेबसाईट भी जारी करेंगे। ई–मेल, वाट्स एप, मैसेज के जरिये भी लोग अपने सुझाव भेज सकते हैं। इसके बाद एकत्रित सभी सुझावों के आधार पर भाजपा अपना मजबूत संकल्प पत्र तैयार करेगी।

--------------

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज से कोटा के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। श्री बिरला दधिचि भवन के पास साढे सात करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यूथ हॉस्टल का लोकार्पण भी करेंगे।

.................

राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने कल भीलवाडा जिले के भरक, लाखोला और गंगापुर के सोनियाना और सहाड़ा में 27 करोड़ 33 लाख 69 हजार के सामुदायिक भवन, पार्क, स्वास्थ्य केंद्र और सड़क निर्माण समेत विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान श्री जाट ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

.................

डीडवाना–कुचामन जिले के लाडनूं और मकराना में बस यात्रियों की सुविधाओं के लिए आधुनिक रोडवेज बस स्टैण्ड बनाए जाएंगे। राज्य सरकार ने इनके निर्माण के लिए करीब चार करोड़ रुपए की सैद्धांतिक और चालू वित्तीय वर्ष के लिए दो करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। लाडनूं में दो करोड़ रुपए और मकराना में एक करोड़ 94 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य होंगे।

.................

प्रदेश में कल अलग–अलग हादसों में आठ लोगों की मौत हो गयी। बीकानेर के लूणकरणसर और महाजन थाना क्षेत्र में दो सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। पहला हादसा अर्जुनसर में हुआ, जहां एक ट्रेलर ने ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर के पीछे चल रहे मोटरसाइकिल सवार तीन युवक चपेट में आ गये। तीनों की ट्रैलर के नीचे दबने से मौत हो गयी। वहीं लूणकरणसर में हुए दूसरे हादसे में एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया।

उधर, बारां में तीन हादसे हुए। मांगरोल के बमोरी कला रोड पर ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं मांगरोल थाना क्षेत्र के भटवाड़ा गांव में दो बच्चों की बाणगंगा नदी में डूब जाने से मौत हो गई। उधर, छबड़ा के जोगी मोहल्ला निवासी एक बच्च्चे की घर पर झूला झूलते समय गले में फंदा लग जाने से मृत्यु हो गयी।

.................

जयपुर व्यापार महासंघ की ओर से आज जयपुर शहर में सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक बंद का आह्वान किया गया है। शनिवार को शहर में एक युवक की मौत के बाद बेकाबू भीड़ की ओर से दुकानों में की गई लूट पाट के विरोध में यह बंद रखा गया है। इसको कई संगठनों ने समर्थन दिया है। शहर की चार दीवारी स्थित बड़ी चौपड़ पर विभिन्न संगठनों की ओर से धरना और प्रदर्शन किया जाएगा। बंद को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की है।

.................

सवाईमाधोपुर जिला प्रशासन और रोजगार कार्यालय की ओर से आज कलेक्ट्रेट परिसर में रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक ने बताया कि शिविर में निजी कम्पनियां विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार लेकर भर्ती करेंगी। भर्ती के लिए न्यूनतम आठवीं पास 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे।

.................

राजस्थानी भाषा, साहित्य और संस्कृति अकादमी की ओर से वर्ष 2023–24 के अकादमी पुरस्कारों की घोषणा कर दी गयी है। अकादमी के अध्यक्ष शिवराज छंगाणी ने कल बीकानेर में आयोजित अकादमी कार्यसमिति और सामान्य सभा की बैठक में ये घोषणा की। महाकवि पृथ्वीराज राठौड़ सम्मान बीकानेर के मालचंद तिवाड़ी को और पूनमचंद बिश्नोई सम्मान श्रीडूंगरगढ़ के श्याम महर्षि को प्रदान किया जाएगा।

अकादमी के विभिन्न पुरस्कारों के अन्तर्गत सूर्यमल्ल मीसण शिखर पुरस्कार (गद्य) बीकानेर के डॉ. मनमोहन सिंह यादव को उनकी पुस्तक 'कुदरत सूं कुचमाद' के लिए दिया जाएगा।

.................

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने बताया है कि देशभर में लगभग आठ करोड 75 लाख लोगों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान पहली अक्टूबर को "एक तारीख, एक घंटा, एक साथ" अभियान में नौ लाख से अधिक स्थानों पर लोगों ने श्रमदान किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि लोगों की इस सामूहिक कार्रवाई से सभी जगहों पर स्वच्छता नजर आने लगी है।

.................

राज्य सरकार ने कल देर रात भारतीय प्रशानिक सेवा के दो और भारतीय पुलिस सेवा के नौ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इनमें आई.ए.एस. अधिकारी ओम प्रकाश बुनकर को राजस्थान राज्य भंडारण निगम का प्रबंध निदेशक और महावीर प्रसाद मीणा को कोटा का जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है। आई.पी.एस. अधिकारी अमृत कलश को एटीएस एण्ड एसओजी का एडीजी बनाया गया है। अशोक कुमार राठौड़ को सतर्कता का एडीजी और राजेश मीणा को आईजी सुरक्षा का जिम्मा दिया गया है।

.................